फरवरी में होगा जीजीटीयू का दीक्षांत समारोह

21 में से 10 स्टूडेंट्स घर पर पढ़कर बने गोल्ड मेडलिस्ट

अस्थाई सूची जारी, 16 सरकारी कॉलेज के विद्यार्थी

भास्कर संवाददाता | बांसवाड़ा

गोविंद गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय का चौथा दीक्षांत समारोह अगले महीने होगा। जिसमें विभिन्न कोर्स को लेकर 21 गोल्ड मेडल दिए जाएंगे। इसे लेकर बुधवार को जीजीटीयू ने समारोह के लिए स्टूडेंट्स की अस्थाई सूची जारी की। 21 स्टूडेंट्स की सूची की खास बात यह है कि इनमें 10 स्टूडेंट्स नॉल कॉलेज श्रेणी के है। यानि इन स्टूडेंट्स ने रेग्युलर कॉलेज अटेंड नहीं की है। बल्कि घर पर ही पढ़ाई कर उपलब्धि हासिल की है। सूची के मुताबिक सर्वाधिक 16 स्टूडेंट्स सरकारी कॉलेज से है, इनमें 9 स्टूडेंट्स गोविंद गुरु कॉलेज के है। सूची में 8 छात्राएं है। राजभवन की ओर से समारोह को लेकर निर्देश मिलते ही जीजीटीयू प्रबंधन भी तैयारियों में जुट चुका है। परीक्षा नियंत्रक डॉ. मनोज पंड्या ने बताया कि वर्ष 2022 की विभिन्न परीक्षाओं में टॉप रहे स्टूडेंट्स की अस्थाई अंतरिम सूची जारी की है। यूनिवर्सिटी की साइट पर जाकर सूची को देख सकते हैं। यदि किसी भी विद्यार्थी को आपत्ति हो तो वह अपनी समस्त अंकतालिकाओं एवं प्रमाण के साथ विश्वविद्यालय के परीक्षा अनुभाग में 16 जनवरी दोपहर 3 बजे तक प्रस्तुत कर सकता है। अंतिम तिथि तक कोई भी आपत्ति प्राप्त न होने पर अंतरिम सूची को ही अंतिम घोषित किया जाएगा।

चतुर्थ दीक्षांत समारोह होगा

जीजीटीयू का यह चौथा दीक्षांत समरोह होगा। इसके पूर्व वर्ष 2019, 2020 एवं 2021 की वार्षिक परीक्षाओं में टॉप रहे विद्यार्थियों और पीएचडी प्राप्त शोधार्थियों को स्वर्ण पदक मय उपाधि एवं उपाधि से अलंकृत किया जा चुका है।